Dabang Duniya (Indore), 13th August 2024, Page- 03

### एनआईआरएफ रैंकिंग 2024 हुई घोषित

# डीएवीवी का स्टेट यूनिवर्सिटी लिस्ट में 50वां स्थान

## आईआईटी की रैंक गिरी, आईआईएम जस का तस

**दबंग दुनिया ❖ इंदौर**

शिक्षा मंत्रालय द्वारा एनआईआरएफ (नेशनल इंस्टीट्यूशनल फ्रेम वर्क) रैंकिंग-2024 में देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी को स्टेट कैटेगरी में टॉप-100 यूनिवर्सिटी में इस साल 50वें नंबर पर जगह मिली है। यह मध्यप्रदेश की स्टेट यूनिवर्सिटीज में सबसे ऊपर है। आईआईटी इंदौर की रैंकिंग दो स्थान गिरी है। वहीं आईआईएम इंदौर की पिछली रैंकिंग बरकरार है।

इंजीनियरिंग और प्रबंधन संस्थानों में आईआईटी और आईआईएम का दबदबा कायम है। टॉप-10 इंजीनियरिंग कॉलेजों में पहले 9 पायदान पर केवल आईआईटी और एआईटी हैं, तो वहीं टॉप-5 प्रबंधन संस्थानों में भी 4 आईआईएम के अलावा एक आईआईटी हैं। रैकिंग-2024 रिपोर्ट में आईआईएम इंदौर ने देशभर के मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट में 8वीं रैंक हासिल की है। आईआईएम इंदौर को पिछले साल यानी 2023 में भी यहीं रैंक मिली थी। जबकि 2022 में आईआईएम इंदौर को 7वीं रैंक हासिल हुई थी। इंजीनियरिंग कैटेगरी में आईआईटी इंदौर की रैंकिंग पिछले साल की तुलना में 2 पायदान नीचे खिसकी है। आईआईटी इंदौर इस साल 16 वें स्थान पहुंच गया है। 2023 में आईआईटी इंदौर को 14वां स्थान प्राप्त हुआ था। आईआईटी इंदौर ओवरऑल रैंकिंग में इस साल 33वें स्थान पर है। पिछले साल इसका स्थान 28वां था।

आईआईटी इंदौर को एनआईआरएफ रैकिंग 2023 में 63.93 अंक प्राप्त हुए थे, जबकि इस साल 64.72 अंक प्राप्त हुए हैं। पिछले साल आईआईटी इंदौर को ओवरऑल कैटेगरी में जहां 58.00 अंक मिले थे तो इस साल 57.31 अंक मिले हैं। आईआईएम को इस साल 73.53 अंक प्राप्त हुए है। जब 2023 में 71.95 अंक प्राप्त हुए थे। भले ही आईआईएम की रैंक नहीं सुधरी हो लेकिन अंक जरूर बढ़े है।






### पांच मुख्य, 16 सब पैरामीटर

एनआईआरएफ यानी फॉर्म नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क है। हर साल केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा यह रैंकिंग जारी की जाती है। इसमें भारत के शीर्ष विश्वविद्यालयों, कॉलेजों की लिस्ट जारी की जाती है। एनआईआरएफ रैंकिंग की शुरुआत 2015 में हुई थी। इस साल एनआईआरएफ का 8वां संस्करण है। शिक्षा मंत्रालय की टीम द्वारा कुल पांच मुख्य पैरामीटर और 16 सब-पैरामीटर पर परखा जाता है। रैंकिंग के पांच मुख्य पैरामीटर में पहला टीचिंग, लर्निंग और रिसोर्स, दूसरा रिसर्च एंड प्रोफेशनल प्रैक्टिस, तीसरा ग्रेजुएशन आउट कम, चौथा आउट रीच और इन्क्लूसिविटी और पांचवां पीयर परसेप्शन पैरामीटर।

### यूनिवर्सिटी मप्र में प्रथम

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी को स्टेट यूनिवर्सिटी की कैटेगरी में 50वीं रैंक मिली है। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी को 48.35 अंक प्राप्त हुए है। कुलगुरू डॉ. रेणु जैन के अनुसार यह खुशी की बात है क्योंकि मध्यप्रदेश में स्टेट यूनिवर्सिटी केटेगरी में यूनिवर्सिटी का स्थान पहला है। डेंटल कैटेगरी में शहर के गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज की रैंकिंग में भी नुकसान हुआ। देश के शीर्ष डेंटल कॉलेजों की सूची में इंदौर शासकीय डेंटल कालेज 2023 में जहां 32वें स्थान पर था, तो वहीं इस साल वह टॉप 40 की सूची से बाहर हो गया है।